UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-168 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) रविवार 31 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

योगी सरकार की बड़ी पहल

## घुमंतू समुदाय के युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार और मुफ्त प्रशिक्षण



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लखनऊ के भागीदारी भवन में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम ने विमुक्त, घुमंतू और अर्द्धघुमंतू समुदायों के युवाओं को स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण का नया मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया।



इस दौरान राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसके लिए विभिन्न स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे समूह बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपना व्यवसाय शुरू करें। इससे आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक सम्मान भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमिता ही आत्मनिर्भरता और समृद्धि का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएम अजय-जीआईए), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, सीएम युवा योजना, ओडीओपी, विश्वकर्मा सर्वसम्मान योजना, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वन-टू-वन काउंसलिंग सत्र रहा, जिसमें युवाओं को उनकी रुचि और जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत सलाह दी गई। उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम हर सप्ताह आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को उद्यमिता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

## लखनऊ की 'नौसेना शौर्य वाटिका' में दिखेगा भारतीय नौसेना का पराक्रम

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तैयार 'नौसेना शौर्य वाटिका' का 30 मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण करेंगे। यह वाटिका भारतीय नौसेना की वीरता, पराक्रम एवं तकनीकी क्षमता को समर्पित है। सीजी सिटी में तैयार यह वाटिका योगी सरकार की तरफ से प्रदेशवासियों के लिए तोहफे के रूप में देखी जा रही है।



सीएम योगी और रक्षा मंत्री करेंगे उद्घाटन

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लोकार्पण समारोह को लेकर बताया कि नौसेना शौर्य वाटिका' भारतीय नौसेना के वीर सेनानियों को समर्पित श्रद्धांजलि स्थल है। यह संग्रहालय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को भी प्रबल करेगा। आगंतुक इस संग्रहालय को देखकर नौसेना के कर्तव्य एवं पराक्रम पर गर्व करेंगे। पर्यटन मंत्री ने आगे बताया कि 'नौसेना शौर्य वाटिका राजधानी के पर्यटन मानचित्र पर नए गंतव्य के रूप में जुड़ने जा रही है। भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त पोत आईएनएस गोमती दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित करेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित यह परियोजना अत्याधुनिक ओपन एयर म्यूजियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर के रूप में तैयार की गई है। नौसेना शौर्य वाटिका में भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त युद्धपोत आईएनएस गोमती स्थापित किया गया है, जो कि आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। यह युद्धपोत 28 मई 2022 को सेवा से रिटायर हुआ था। वहीं एंकर, एके-726 मीडियम रेंज तोप, सीईटी-53 एम पनडुब्बी अवरोध, जिफ-101 लॉन्चर विद आरजे, कैपस्टन ड्रम, मुख्य मस्तूल और जहाज का प्रोपेलर शामिल हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि नौसेना शौर्य वाटिका आने वाले समय में देश के प्रमुख सैन्य पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा। यहां आने वाले पर्यटक भारतीय नौसेना के इतिहास, युद्ध अभियानों, तकनीकी दक्षता और समुद्री सुरक्षा की व्यापक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह स्थल बच्चों और युवाओं में राष्ट्रभक्ति तथा रक्षा सेवाओं के प्रति आकर्षण बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सुर्खियां............

### डीएम को शिकायती पत्र भेजकर पेयजल समस्या का समाधान कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** जीपुरा में लगभग चार वर्ष पूर्व से बनकर खड़ी पानी की टंकी से अभी तक लोगों के घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से कराया जा रहा निर्माण

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में अवैध अतिक्रमण हटाने एवं सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद नगर के मोहल्ला फर्दनवीस में सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पक्का निर्माण कराया जा रहा है। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

### एसडीएम से खराब पड़े हैंडपंप को सही कराने की मांग की


( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मुहल्ले में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से खराब पड़े हैंडपंप को सही कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी मुकेश कुमार, अंकित, रमेशचंद्र राठौर, गोविंददास, आशीष रामश्री, विनोद, सुरेश आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को बताया कि उनके मोहल्ले में बिरजू राठौर के मकान के सामने हैंडपंप लगा हुआ है।

## क्या उत्तर प्रदेश में वक्त से पहले होंगे विधानसभा चुनाव? जानिए नवंबर-दिसंबर में वोटिंग की इनसाइड स्टोरी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की सियासत में इन दिनों एक नई और बेहद चौंकाने वाली चर्चा ने जोर पकड़ लिया है. सियासी गलियारों और राजनीतिक दलों के बीच यह सुगबुगाहट तेज है कि क्या उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव अपने तय समय से पहले हो सकते हैं?



जो चुनाव अमूमन अगले साल फरवरी-मार्च में होने चाहिए, उनके इसी साल के अंत यानी नवंबर या दिसंबर में कराए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं. इस चर्चा ने सूबे के तमाम राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच खलबली मचा दी है. आखिर वक्त से पहले चुनाव कराए जाने की इस इनसाइड स्टोरी के पीछे की असली वजह क्या है? आइए इसका पूरा राजनीतिक और प्रशासनिक विश्लेषण समझते हैं. उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनाव वक्त से पहले कराने की चर्चा के पीछे कोई राजनीतिक दांव-पेंच नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ी प्रशासनिक मजबूरी बताई जा रही है. दरअसल, देश में 1 फरवरी से 15 मार्च के बीच राष्ट्रीय जनगणना का काम होना तय हुआ है. कैबिनेट नोट के जरिए इस समय सीमा को हरी झंडी दे दी गई है. इस जनगणना अभियान के तहत प्रशासनिक अमले और कर्मचारियों को एक-एक घर जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन करना होगा. यह देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायदों में से एक है. ऐसे में जनगणना विभाग ने चुनाव आयोग को आगाह यानी फ्लैग कर दिया है कि फरवरी-मार्च के दौरान उनकी पूरी मशीनरी जनगणना के काम में व्यस्त रहेगी. प्रशासनिक अमले के लिए एक ही समय में देश की इतनी बड़ी जनगणना करना और उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न कराना लगभग असंभव होगा. चुनाव आयोग के पास इन चुनावों को तय समय से आगे टालने का विकल्प नहीं है, क्योंकि ऐसा करने पर राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ जाएगी. हालांकि, चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक, विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने के 6 महीने पहले कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं. इसके लिए संसद से किसी विशेष मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती. यही वजह है कि फरवरी-मार्च की बजाय चुनाव को प्रीपोन (समय से पहले) करके नवंबर-दिसंबर में कराने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि चुनाव जनवरी में कराए जाते हैं, तो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे राज्यों में कड़ाके की ठंड, कोहरा और धुंध एक बड़ी बाधा बनते हैं. खराब मौसम के कारण नेताओं के हेलीकॉप्टर उड़ने और लैंड करने में समस्या होती है और चुनाव प्रचार भी बुरी तरह प्रभावित होता है. इसलिए नवंबर और दिसंबर (जब गुलाबी ठंड होती है) को चुनाव के लिए सबसे मुफीद समय माना जा रहा है. भले ही केंद्र सरकार या चुनाव आयोग की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या हरकत सामने नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीतियां बुनना शुरू कर दिया है: भारतीय जनता पार्टी : बीजेपी के नेताओं का कहना है कि वे हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहते हैं. बीजेपी को लगता है कि हालिया विधानसभा चुनावों में मिली जीत का जो मोमेंटम देश में बना हुआ है, उसका फायदा उन्हें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी मिलेगा. हालांकि, इतिहास गवाह है कि जब 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने चुनाव प्रीपोन किए थे, तो 'इंडिया शाइनिंग' के माहौल के बावजूद बीजेपी को नुकसान उठाना पड़ा था. समाजवादी पार्टी : मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी का भी दावा है कि उनका संगठन चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है, चाहे चुनाव जब भी हों. सपा का मानना है कि सत्ता पक्ष इस मोमेंटम का फायदा उठाने के लिए जल्द चुनाव कराना चाहता है, लेकिन जनता बदलाव के लिए तैयार है. फिलहाल, अंतिम फैसला चुनाव आयोग और सरकार के रुख पर निर्भर करेगा. लेकिन जनगणना विभाग के अलर्ट के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां समय से पहले ही सातवें आसमान पर पहुंच चुकी हैं.

## 'काला चश्मा लगाने वाले अब जाने वाले हैं', अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बोला हमला

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोपों की लंबी फेहरिस्त गिनाई। अखिलेश ने कानून व्यवस्था, बुलडोजर कार्रवाई, आरक्षण, पीडीए वर्ग, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, शिक्षामित्रों, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और किसानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार को जनविरोधी बताया।



उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि काला चश्मा लगाकर जनता को गुमराह करने वाले अब जाने वाले हैं, लौटकर नहीं आने वाले हैं। सपा प्रमुख ने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और आने वाले चुनावों में भाजपा को जवाब देगी। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ कई मौकों पर काला चश्मा लगाए दिखाई देते हैं। अखिलेश ने एक तरीके से सीएम योगी पर तंज कसा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कविता के माध्यम से लिखा, 'काला चश्मा लगाकर आने वाले, अपने सच्चे मुकदमे हटवाने वाले। झूठे-फर्ज़ी मुक़दमे लगवाने वाले घमंड में रावण तक को हराने वाले। नमस्ते का भी संबंध न निभानेवाले, बुलडोज़र से घर-दुकान ढहाने वाले, बिजली-पानी के लिए सताने वाले, पत्रकार पर अपशब्द बरसाने वाले, 'हाता नहीं भाता' नीति चलाने वाले, वनस्पति-खोज में विदेश जाने वाले, अपना झूठा महाप्रचार करवाने वाले, अधिवक्ताओं पे लाठी चलवाने वाले...।' उन्होंने कविता के जरिए आगे तंज कसते हुए कहा, 'मणिकर्णिका का घाट तुड़वाने वाले, सत्ता सजातीय पे कृपा बरसाने वाले, सांप्रदायिकता का विष फैलाने वाले, 'पीडीए' पर घोर जुल्म करवाने वाले, आरक्षण पे अपनी कैंची चलाने वाले, शिक्षकों से भूसे का दान जुटाने वाले, झूठे आश्वासन पे शासन चलाने वाले, सबकी मांगों पर केवल टरकाने वाले, आशा-आंगनबाड़ी को भटकाने वाले, शिक्षामित्रों का मानदेय घटवाने वाले, संतो तक पर झूठे आरोप लगाने वाले, फर्ज़ी एनकाउंटर का राज चलानेवाले..। अपनी कविता का समापन करते हुए सपा प्रमुख ने लिखा, 'अब हैं जाने वाले, लौटकर न आने वाले।' उन्होंने संकेत दिया कि जनता आगामी चुनावों में सत्ता परिवर्तन का फैसला करेगी। सपा प्रमुख का यह बयान ऐसे समय आया है, जब प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और विभिन्न दल चुनावी रणनीति को धार देने में जुटे हैं।

## राजीव कृष्ण ही होंगे यूपी के परमानेंट डीजीपी

### रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद को पीछे छोड़ा; 4 साल इंतजार के बाद नाम फाइनल

**लखनऊ।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट (स्थाई) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ही यूपी के नए परमानेंट डीजीपी होंगे। राज्य सरकार जल्द ही इसका आदेश जारी कर सकती है। यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, वह कम से कम 2 साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। राजीव कृष्ण 1 जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे। इसे लेकर 26 मई को दिल्ली में आयोग की हाईलेवल बैठक हुई। इसमें रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण का नाम फाइनल किया गया। इसके बाद आयोग ने तीनों के नाम यूपी सरकार को भेज दिया। राजीव कृष्ण ऐसे घराने से संबंध रखते हैं, जहां एक दो नहीं 6 से ज्यादा अफसर हैं। उनकी पत्नी कफर अफसर हैं और मौजूदा समय में नोएडा में सीबीडीटी में डिप्टी सेक्रेटरी हैं। 1991 में आईपीएस बनने के बाद उनकी पहली



तैनाती प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुई थी। इसके बाद बरेली, कानपुर, अलीगढ़ में एएसपी के तौर पर तैनात रहे। 10 मार्च, 1997 को इन्हें पहली बार जिले की कमान सौंपी गई और फिरोजाबाद के एसपी बने। इसके बाद वह इटावा, मथुरा, फतेहगढ़, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, आगरा, लखनऊ, बरेली के एसएसपी रहे। मायावती के शासनकाल में जब बड़े जिलों में एसएसपी के स्थान पर डीआईजी की तैनाती हो रही थी, उस समय इन्हें लखनऊ जिले का डीआईजी बनाया गया था। राजीव कृष्ण मेरठ रेंज के आईजी भी बने थे। 2012 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए। सितंबर, 2017 में लौटे तो पहले पुलिस अकादमी मुरादाबाद में तैनाती दी गई। फिर 5 फरवरी, 2018 को इन्हें लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया। राजीव कृष्ण आगरा जोन में भी ढाई साल तक एडीजी जोन रहे थे। इसके बाद कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए थे। राजीव कृष्ण के परिवार में दो पीढ़ियों से सिविल सेवाओं (आईपीएस, आईआरएस) और राजनीति में प्रभावशाली उपस्थिति है। पत्नी मीनाक्षी सिंह नोएडा में सीबीडीटी में डिप्टी सेक्रेटरी हैं। सरोजनीनगर से विधायक राजेश्वर सिंह इनके साले हैं। राजेश्वर यूपी पुलिस के 1996 बैच के अफसर रहे हैं। बाद में वे प्रतिनियुक्ति पर प्रवर्तन निदेशालय चले गए और उसी कॉडर में मर्ज हो गए।

# बाल तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के डीएम एसपी ने दिए निर्देश

## डीएम-एसपी ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, बचाव, पुनर्वास और जागरूकता पर विशेष जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मानव तस्करी एवं विशेष रूप से बाल तस्करी के मामलों की प्रभावी रोकथाम, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाल तस्करी एवं बाल श्रम जैसे अपराध समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं, जिनकी रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने पुलिस विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला प्रोबेशन विभाग तथा अन्य संबद्ध संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि तस्करी अथवा बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों का तत्काल चिकित्सीय परीक्षण कराया जाए तथा उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके पुनर्वास, शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ऐसे बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि बाल तस्करी एवं बाल श्रम के पीछे सक्रिय संगठित गिरोहों, बिचौलियों तथा अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्कूलों, ग्रामीण क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ईंट-भट्टों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि आमजन विशेषकर अभिभावकों को बाल तस्करी के खतरों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मानव तस्करी एवं बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की प्रगति की नियमित समीक्षा प्रत्येक माह की जाए तथा सभी विभाग निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, बाल संरक्षण इकाई एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंधी-तूफान के बाद जिलाधिकारी फ़ास्ट एक्शन, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था बहाल करने हेतु टीम गठित कर दिए कार्यवाही के सख्त निर्देश

## विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक, आमजन को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद में 28 की बीती रात आए तेज आंधी-तूफान एवं खराब मौसम के कारण कई क्षेत्रों में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों की समीक्षा की तथा युद्धस्तर पर कारवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुविधाओं की बहाली प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी क्षेत्र में विद्युत अथवा पेयजल संकट की स्थिति नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, टूटे तारों एवं अन्य तकनीकी बाधाओं का सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूर्ण करते हुए युद्धस्तर पर मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है वहां विद्युत व्यवस्था बहाल करने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान एवं जल निगम को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी बनाए रखें, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें तथा विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की स्थिति से समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# बिजली निगम की टीम के प्रयास के बाद भी

## दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली सप्लाई नहीं हो सकी शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । गुरूवार रात से ग्रामीण क्षेत्र में दो दर्जन से अघिक गांवों की बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। हालांकि बिजली निगम की टीम कार्य करने में लगी है। फिर भी अभी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है।

गुरूवार की रात तेज आंधी और बारिश में ग्रामीण क्षेत्र में लगभग एक सैंकड़ा बिजली की खंभे टूट गए थे। गुरूवार की रात और शुक्रवार की शाम तक नगर में भी बिजली पूरी तरह ठप रही। शाम लगभग पांच बजे के बाद एक एक फीडर से आपूर्ति शुरू की गई। देर रात तक बिजली की आवाजाही बनी रही। लेकिन बिजली आने से लोगों को राहत मिली। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली अभी भी बहाल नहीं हो सकी है। पमां, सिकरीराजा, कुठौंदा बुजुर्ग आदि गांवों में नमामि गंगे की पानी की टंकी से पानी की आपूर्ति भी नहीं हो सकी। गर्मी में बिजली और पानी न आने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिजली और पानी के लिए परेशान होते नजर आए। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था जल्द से जल्द बहाल कराने की मांग बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से की है।

# सूने घर से चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 9 लाख कीमत के जेवरात, नकदी सहित तमंचा कारतूस बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सीपरी बाजार थाना पुलिस ने एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अपराध ओर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सूने मकान से चोरी किए गए नौ लाख कीमत के जेवरात, नकदी सहित तमंचा कारतूस बरामद कर लिए है।

जानकारी के मुताबिक प्रेमनगर के टोला बदलूराम व हाल सीपरी मिशन कंपाउंड निवासी श्रीमती पूजा चौकसे ने 28 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि अज्ञात चोर उसके कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात ओर नकदी चोरी कर ले गए है। इस घटना की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इधर मामले को गंभीरता से लेकर एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने घटना का खुलासा करने के पुलिस को निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर चोरों की तलाश में जुटी थाना सीपरी बाजार पुलिस ने रेलवे के ओवर ब्रिज के पास से तीन संदिग्धों को देर रात दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से बैग बरामद किया। जिसमें सोने चांदी के जेवरात रखे थे। साथ ही पुलिस ने उनके कब्जे से 13 हजार रुपए नकद ओर एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस बरामद किए। पूछताछ में संदिग्धों ने अपने नाम कोतवाली क्षेत्र के अलीगोल खिड़की निवासी साबिर, अमन खान, दतिया गेट अंदर निवासी अकीब बताया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह लोग दिन में कपड़े आदि बिक्री की फेरी लगाते है, इसी दौरान वह सूने घरों की रेकी कर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते है।

चोरों ने बताया कि उनके कब्जे से बरामद सोने चांदी के जेवरात, नकदी 28मई को सीपी मिशन कंपाउंड में सूने मकान में हुई चोरी की घटना का ही है। उस घर में चोरी की वारदात को अंजाम उन्होंने ही दिया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# उर्वशी कुमारी एवं सीमा तिवारी ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण किया

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उमरे के झांसी मंडल के परिचालन विभाग की कमान अब दो महिला अधिकारियों के हाथों में। सुरक्षित, समयबद्ध एवं कुशल रेल संचालन में नारी शक्ति निभाएगी अहम भूमिका। झांसी मंडल में महिला नेतृत्व को नई मजबूती मिली है। श्रीमती उर्वशी कुमारी ने वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक/ समन्वय एवं सुश्री सीमा तिवारी ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/ सामान्य के पदों का कार्यभार ग्रहण किया। रेल संचालन जैसे चुनौतीपूर्ण विभाग में उनकी नियुक्ति महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है।

भारतीय रेलवे में महिला नेतृत्व एवं नारी सशक्तिकरण को नई दिशा देते हुए झांसी मंडल में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल सामने आई है। उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय, प्रयागराज द्वारा जारी कार्यालय आदेश के तहत सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से कई वरिष्ठ अधिकारियों को जूनियर प्रशासनिक ग्रेड में पदोन्नत करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसी क्रम में झांसी मंडल के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण परिचालन विभाग के दो प्रमुख पदों का दायित्व महिला अधिकारियों को सौंपा गया है। झांसी मंडल में कार्यरत उर्वशी कुमारी (पूर्व मंडल परिचालन प्रबंधक/प्रभारी, परिचालन/झांसी) को जेए ग्रेड में पदोन्नत कर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय), झांसी नियुक्त किया गया है। उन्होंने 29 मई को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस पद पर वे मंडल के परिचालन समन्वय, ट्रेन संचालन की निगरानी एवं विभिन्न परिचालन गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन का दायित्व संभालेंगी। इसी क्रम में सीमा तिवारी (पूर्व रऊ/खल्र) को भी जेए ग्रेड में पदोन्नति प्रदान करते हुए वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य), झांसी के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह नियुक्ति झांसी मंडल के परिचालन तंत्र में महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति को रेखांकित करती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे का परिचालन विभाग रेल व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उत्तरदायित्वपूर्ण अंग है, जहां 247 सतर्कता, ट्रेन परिचालन, समयपालन, मालगाड़ी प्रबंधन तथा संरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करना प्रमुख दायित्व होता है। ऐसे विभाग में महिला अधिकारियों की नेतृत्वकारी भूमिका भारतीय रेलवे में बदलते कार्य-संस्कृति एवं समान अवसरों की भावना को सुदृढ़ करती है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने विश्वास व्यक्त किया है कि महिला अधिकारियों के नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं दूरदर्शिता से झांसी मंडल का परिचालन तंत्र और अधिक सुदृढ़ होगा तथा सुरक्षित, समयबद्ध एवं कुशल रेल संचालन को नई गति मिलेगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का एक प्रेरणादायी उदाहरण है

## कोचिंग जा रही नाबालिग से छेड़छाड़ पर आरोपी को पांच वर्ष की सजा, पांच हजार अर्थदंड

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** एक साल पूर्व कोचिंग जा रही नाबालिग छात्रा को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर आरोप सिद्ध होने पर उसे पांच वर्ष कारावास ओर पांच हजार रुपए अर्थदंड से दंडित करने का फैसला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने सुनाया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितंबर 2024 को एक व्यक्ति ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री 24 सितंबर को घर से कोचिंग जा रही थी तभी रास्ते में खड़े बिजौली के शंकर जी का मंदिर के पास निवासी सत्यम राजपूत ने उसे रोक लिया ओर छेड़खानी करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर आस पास के लोग मौके पर आ गए तो आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

# डीएम को शिकायती पत्र भेजकर पेयजल समस्या का समाधान कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** जीपुरा में लगभग चार वर्ष पूर्व से बनकर खड़ी पानी की टंकी से अभी तक लोगों के घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी आशुतोष पाठक ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में लगभग चार वर्ष पूर्व नमामि गंगे योजना के तहत पानी की टंकी बनकर तैयार हो चुकी है। घरों में कनेक्शन भी दे दिए गए हैं। लेकिन अब तक गांव वालों को इस योजना का लाभ नहीं मिला है। अब तक गांव के लोगों के घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि बोरिंग फेल हो गई है। जिसके चलते जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने बोरिंग कराकर गांव में पेयजलापूर्ति शुरू कराने की मांग डीएम से की है।

# सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से कराया जा रहा निर्माण

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में अवैध अतिक्रमण हटाने एवं सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद नगर के मोहल्ला फर्दनवीस में सार्वजनिक जगह पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पक्का निर्माण कराया जा रहा है। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी देवीदयाल वर्मा ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रुप से कब्जा कर पक्का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे मार्ग की चौड़ाई कम हो रही है। ऐसे में लोगों को निकलने तक में दिक्कत होगी। यदि वाहन निकालना हो तो और अधिक परेशानी होगी। आरोप लगाया कि इस बाबत नगर पालिका में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि सार्वजनिक रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे की जांच कराकर अवैध कब्जे को हटवाया जाए ताकि लोगों को निकलने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# एसडीएम से खराब पड़े हैंडपंप को सही कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मुहल्ले में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से खराब पड़े हैंडपंप को सही कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी मुकेश कुमार, अंकित, रमेशचंद्र राठौर, गोविंददास, आशीष रामश्री, विनोद, सुरेश आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को बताया कि उनके मोहल्ले में बिरजू राठौर के मकान के सामने हैंडपंप लगा हुआ है। इस हैंडपंप से मोहल्ले के लोग पानी भरते हैं। यह हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी हैंडपंप दुरूस्त नहीं हुआ है। गर्मी के मौसम में लोगों को दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। जिसमें समय और मेहनत बर्बाद हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि खराब पड़े हैंडपंप को जल्द से जल्द दुरूस्त कराया जाए। ताकि लोगों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और इससे दूर रहने का आह्वान किया। अंत में उपस्थित लोगों को तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई।



सीएचसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि तंबाकू सेवन आज कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बन चुका है। गुटखा, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप और अन्य जानलेवा रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू से दूरी बनाना आवश्यक है। डॉ. राजीव दुबे ने कहा कि युवाओं में बढ़ती तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। अक्सर लोग शौक या मित्रों के दबाव में तंबाकू का सेवन शुरू कर देते हैं, जो बाद में लत का रूप ले लेता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि कोई व्यक्ति तंबाकू छोड़ना चाहता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आवश्यक परामर्श और सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस मौके पर डॉ. योगेश आर्या, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत, प्रीति आदि रहे।

# फैमिली आईडी में लापरवाही पर डीएम का कड़ा रुख, कई अधिकारियो के वेतन रोकने के निर्देश

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में योजनाओं की प्रगति पर जताई नाराजगी, कहा–लक्ष्य प्राप्ति में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए।



फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कई विभागों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं की गई है। इस पर उप कृषि निदेशक एस.के. उत्तम, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी जगदीश वर्मा, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश का वेतन आहरित न किए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा में सामने आया कि कृषि विभाग में 20 हजार, ग्राम्य विकास विभाग में 10 हजार, समाज कल्याण विभाग में 16 हजार, प्रोबेशन विभाग में 3 हजार, श्रम विभाग में 6 हजार, बेसिक शिक्षा विभाग में 17 हजार तथा उपायुक्त स्वरोजगार कार्यालय में 9 हजार फैमिली आईडी बनवाना लंबित हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि फैमिली आईडी शासन की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। अत: सभी अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर लक्ष्य की शत–प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत धीमी प्रगति पाए जाने पर परियोजना अधिकारी नेडा को कड़ी फटकार लगाते हुए 15 दिनों के भीतर उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन पेंशन योजना में 19,070 आवेदनों के सापेक्ष मात्र 162 स्वीकृत होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का माह मई का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना की खराब प्रगति पर जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी को सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं कन्या सुमंगला योजना में 341 आवेदन लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए 10 दिनों के भीतर सभी लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अंडा उत्पादन एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजना, ओडीओपी टूलकिट प्रशिक्षण योजना एवं एमओयू मॉनिटरिंग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को अधिकाधिक रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए तथा योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की जननी सुरक्षा योजना में धीमी प्रगति होने पर साधारात्मक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शिथिलता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# कागज सखी परियोजना के तहत महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं रॉ मटेरियल किट वितरित

## प्रमाण पत्र पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं स्थानीय हस्तनिर्मित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुरागिनी संस्था द्वारा इन्फोसिस फाउंडेशन एवं सक्षम द चेंजमेकर्स के सहयोग से संचालित कागज सखी परियोजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं रॉ मटेरियल किट वितरित किए गए। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कालपी अमित शेखर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ना वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 'कागज सखी' जैसी पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। हस्तनिर्मित कागज उत्पादों के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि संस्था पिछले लगभग 30 वर्षों से महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कागज सखी परियोजना के माध्यम से महिलाओं को हस्तनिर्मित कागज उत्पादों के निर्माण, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, गुणवत्ता प्रबंधन एवं विपणन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।इन्फोसिस नोएडा एवं सक्षम द चेंजमेकर्स से मोहम्मद परवेज ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से महिलाओं के कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कागज सखी परियोजना महिला आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह राजावत, उदय सिंह, आईआईटी कानपुर से आये अंकित सिंह, शिखा तिवारी एवं आस्था अग्रवाल अभिषेक परिहार श्याम करन प्रजापति भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को सहकारी मॉडल एवं बाजार से जोड़ने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिससे वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को पेपर बैग, गिफ्ट बॉक्स, डायरी, फाइल फोल्डर, स्टेशनरी सामग्री एवं विभिन्न सजावटी उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

# गोमांस तस्करी में संलिप्त गैंगस्टर के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## गैंगस्टर एक्ट के तहत 168 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क के आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** गोमांस तस्करी एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त गैंगस्टर के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत लगभग 168 करोड़ 13 लाख 32 हजार 600 रुपये मूल्य की चल–अचल संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर और पुलिस अधीक्षक जालौन की आख्या एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की गई है।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अतीक अहमद पुत्र मोहम्मद उमर एवं उसके गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत है। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि गिरोह द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गोमांस तस्करी, फर्जी दस्तावेजों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक लाभ अर्जित किया गया तथा उसी अवैध धन से विभिन्न संपत्तियां खरीदी गईं। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा जनपद बिजनौर स्थित ग्राम याकूबपुर क्षेत्र में खरीदी गई भूमि तथा निर्मित ओमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस का मूल्यांकन कराया गया, जिसमें भूमि एवं भवन का कुल मूल्य लगभग 168.13 करोड़ रुपये आंका गया। जांच में यह संपत्ति अपराध से अर्जित धनराशि से निर्मित पाई गई, जिसके आधार पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई की गई है। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संगठित अपराध, गो–तस्करी, अवैध कारोबार तथा अपराध से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने के उद्देश्य से ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी ताकि जनपद में कानून का राज और अधिक सुदृढ़ हो सके। यह कार्रवाई संगठित अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अवैध गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों को किसी भी स्थिति में संरक्षण नहीं दिया जाएगा तथा कानून के दायरे में लाकर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# आंधी-तूफान से सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग का सैकड़ा भर पोल गिरे, 25 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तेज तूफान और बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया।सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग का हुआ है।तहसील क्षेत्र में करीब एक सैकड़ा से अधिक बिजली पोल गिर गए, जबकि 20 से 25 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। कई स्थानों पर पेड़ और पोल गिरने से बिजली लाइनें टूट गईं, जिससे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की सप्लाई पूरी तरह ठप रही। अधिकांश फीडरों की बिजली ढंग से बहाल नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। कोंच प्रथम और कोंच द्वितीय बिजली घरों तक जाने वाली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। विभागीय कर्मचारियों ने पहले मुख्य लाइनों को दुरुस्त किया, इसके बाद नगर के फीडरों को चालू करने का काम शुरू किया गया।एसडीओ धर्मेंद्र कुमार, जेई अमन पांडेय, अमन खान के दिशा–निर्देशन में विभाग के लाईन मेनो ने कडी महनत प्रथम फीडर व कोंच द्वितीय बिजली घर से केवल भगतसिंह और दोहर फीडर ही चालू हो सके थे, जबकि इमलौरी, नदीगांव, तीतरा, सामी नया और सामी पुराना फीडर की लाइनें दुरुस्त न होने के बाद सप्लाई चालू नहीं हो सकी। वहीं कोंच प्रथम बिजली घर से कोंच फर्स्ट, एसआरपी और औद्योगिक आस्थान फीडर की सप्लाई ही बहाल हो सकी थी। उरई ग्रामीण, जालौन ग्रामीण, उरई–जालौन नलकूप, अंडा, कोल्ड, रामकुंड और कोंच सेकेंड फीडर शाम तक भी चालू नहीं हो सके थे। जेई अमन पांडे ने बताया कि आंधी–पानी के कारण अधिकांश बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। लौना, सिमिरिया, भदारी, ताहरपुरा और दिरावटी समेत एक दर्जन गांवों में ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। कर्मचारियों की टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हैं। सभी फीडरों की सप्लाई बहाल होने में अभी करीब दो दिन का समय लग सकता है।शनिवार को दिन मे बिजली गुल रहने के कारण लोगों का बुरा हाल रहा। पेयजल संकट के चलते लोग परेशान दिखे।

# हजरत बेरी वाले बाबा का दो दिवसीय उर्स एक जून से

## देश के नामी कव्वाल उर्स में करेंगे शिरकत, बिखेरेंगे फन का जादू

( यंग भारत न्यूज )



**उरई :** जनपद जालौन ही नहीं पूरे बुन्देलखण्ड में हिन्दू–मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले सूफी परम्परा के अजीम बुजुर्ग हजरत बेरी वाले बाबा के सालाना उर्स की तैयारियां जोरो पर चल रही है। आगामी एक जून से चादरपोशी की रस्म के साथ दो दिवसीय उर्स की बज़्म महफ़िले समां से शुरू होगी। इसके बाद बाबा के शागिर्दों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में तीन तारीख को इसका समापन होगा। दो दिन तक चलने वाले इस उर्स की तैयारियों में पूरे जिले का हुजूम इकट्ठा है। पहले दिन महफ़िले समां की शुरुआत हाफिज इमरान फैजी कुरआन की तिलावत से करेंगे। उर्स कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष कोस्तुब चतुर्वेदी ने बताया कि उर्स की रात की बज्मों में पहले व दूसरे दिन मशहूर कव्वालो में अजीम नाजा पुना महाराष्ट्र, फैजान रजा अजमेरी, चांद कादरी व अनीस नवाब मुंबई कव्वाली पेश करेंगे। चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने बताया कि हजरत बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक पर बाबा की मजार को अदब और एहतराम के साथ सजाया जा रहा है। हिंदू–मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले इस कार्यक्रम की व्यवस्था में रिजवान खान कोषाध्यक्ष, नजम हाशमी, फिरोज खान, पप्पू पठान, जुबेर खान, टिंकू शताब्दी, लियाकत चिश्ती, रईस खान (कल्लू), अकील अहमद, आरिफ खान, हाफिज अकबर अली, सद्दाम नगर पालिका, फ़जील अहमद, सलामत चिश्ती, हाफिज फिरोज मिर्जा, चंदू मालबल सहयोग कर रहे है।

# मां अहिल्याबाई होल्कर की रैली धूमधाम से जयकारों के साथ निकली

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** शनिवार को राजमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह कालपी में धूमधाम से मनाकर उनके जन कल्याणकारी कार्यों को याद किया गया।

पूर्वान्ह 11 बजे गाजे बाजे तथा धूमधाम से मां अहिल्याबाई की विशाल रैली ठक्कर बाबा इंटर कॉलेज के ग्राउंड से प्रारंभ हुई। जो मुख्य बाजार टरननगंज, मुन्ना फुल पावर चौराहा, स्टेशन चौराहा होते हुए पुन: टक्कर बापा इंटर कॉलेज के ग्राउंड में पहुंचकर समाप्त हुई है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने मां अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि आदर्श न्यायप्रियता, लोककल्याणकारी करने के लिए वह प्रेरणा स्रोत थी। रैली में पूर्व मंत्री श्री रामपाल, राज योगिनी रजनी पाल, रश्मि पाल, कपिल शुक्ला, धर्मेंद्र पाल सभासद, संत रामपाल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# पत्रकार समाज के आईना है - विनोद

## पत्रकारों के हकों की लडाई में पत्रकार संगठन पीछे नहीं रहेगा-अरविंद

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** कुठौंद के श्रवण कुमार द्विवेदी महेश पाण्डेय महाविद्यालय के सभागार में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के क्षेत्रीय विधायक विनोद कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकार समाज के आईना है वह देश प्रदेश गांव जिला नगर के विकास कार्यों एवं मशीनरी की गडबडी को लोगों बीच रखते है जिसके चलते समाज में उन्नति के शिखर की दिशा दिग्दर्शित होती है उपजा प्रदेशीय अध्यक्ष दीपक अग्निहोत्री ने कहा कि 30 मई 1826 को उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर निवासी पं जुगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता शहर के बडा बाजार से देश के प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उत्तंड मार्तण्ड' का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। उपजा के प्रदेश मंत्री आज अखबार के जिला ब्यूरो चीफ अरविंद द्विवेदी ने कहा कि इस दिन हमारी पत्रकारिता के पितामह देवर्षि नारद जी की जयंती भी थी।यह साप्ताहिक हिन्दी समाचार पत्र प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था, और डाक द्वारा वितरण की व्यवस्था की गई थी।अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देश की आजादी की अलख जगाने वाले इस अखबार को आर्थिक तंगी के चलते 04 दिसम्बर 1826 को प्रकाशन बन्द करना पडा।लेकिन हमारे पितामह श्रद्धेय गणेश शंकर विद्यार्थी, विष्णु राव पराडकर आदि ने इस मिशाल को जलाये रखा और देश को आजादी दिलाई। उपजा कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट अखिलेश सविता अंजनी सोनी जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने कहा कि आज के दिन हम सभी पत्रकार साथी अपने पूर्वजों के 200 बर्ष के स्वर्णिम कालखण्ड को याद करके गौरव की अनुभूति कर रहे है और अपने पूर्वजों को नमन करते हुए उनके दिखाये मार्ग राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प पर चलने का प्रण लेते है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा ने कहा कि पत्रकारों के सम्मान की लडाई किसी भी हद तक लड़नी पडे लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे संरक्षक सालिकराम पांडेय वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी जगम्मनपुर डा परम चतुर्वेदी गजेन्द्र सिंह चौहान सुखलाल मोनू शर्मा ने पत्रकारों के साथ चलने के लिए प्रेरित किया ग्रामीण सुबह की प्रधान संपादक सुनीता द्विवेदी ने कहा कि मेरे स्व पति श्रवण कुमार द्विवेदी ने जो पत्रकार संगठन खड़ा कर उसे ऊर्जा दी वह उनकी ऊर्जा कम नहीं होने दी जाएगी हर संभव पत्रकारों की मदद के लिए खड़ी रहूंगी कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट अखिलेश सविता वरिष्ठ पत्रकार तहसील ब्यूरो दैनिक आज माधौगढ़ और वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया अंत में सभी पत्रकारों को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ब्लॉक प्रमुख रामू द्विवेदी सुनीता द्विवेदी ने मूमेंटे देकर सम्मानित किया इस मौके पर सौरभ कुमार महेंद्र गौतम योगेन्द्र प्रजापति मोनू शर्मा देवेन्द्र कुमार अजीत अमन नारायण अंकित दीपक वेदू सविता समेत अन्य पत्रकार साथियों की मौजूदगी रही है इसी क्रम में रामपुरा विकास खंड के सभागार में हिंदी पत्रकारिता दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जहां पत्रकारों के सम्मान में कलम भेंट की गयी



# एसडीम ने गौशाला में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी

## तथा व्यवस्था और सुचारू बनाने का दिया निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन ।** ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशीलता के दौरान कालपी अमित शेखर ने कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी अमित शेखर औचक तरीके से कान्हा गौशाला कदौरा में पहुंचे। भूसे तथा हरे चारे का स्टॉक का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने टंकी को देख कर शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये।परिसर में घूम–घूम कर निरीक्षण करते हुये सफाई व्यवस्था परखी। एसडीएम ने गौशाला में गणना की।रोशनी के अलावा, सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में मौजूद जिम्मेदार कर्मचारियों तथा केयर टेकरों को गौशाला की उचित व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी ?।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, मौके पर समाधान के दिए निर्देश

## मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन का उदाहरण बनी जनसुनवाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर–दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, भूमि विवाद, अतिक्रमण, चिकित्सा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि कब्जा, अवैध अतिक्रमण, राजस्व विवाद, सार्वजनिक शिकायतों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि यदि किसी प्रकरण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

हिंदी पत्रकारिता दिवस

# पत्रकारिता का मूल स्वरूप और बदलती चुनौतियाँ

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** भारतीय लोकतंत्र में पत्रकारिता को 'चौथा स्तंभ' कहा जाता है। यह केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करने वाली एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पत्रकार का दायित्व केवल समाचारों का संप्रेषण करना नहीं, बल्कि सत्य को उजागर करना, जनमानस को जागरूक करना और शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाना भी है। यही कारण है कि परंपरागत रूप से पत्रकारों को समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त रहा है।पत्रकारो ने अपनी लेखनी के माध्यम से न केवल सामाजिक बुराइयों को उजागर किया, बल्कि सुधारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक दिशा भी दी।इतिहास साक्षी है कि भारत में पत्रकारिता का उद्भव जनजागरण और स्वतंत्रता संग्राम के साथ हुआ। उस समय के पत्रकारों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आवाज उठाई। उनके लेखन में निडरता, निष्पक्षता और राष्ट्रहित सर्वोपरि होता था। वे सत्ता के सामने झुकने के बजाय सच्चाई के पक्ष में खड़े रहते थे। इसी कारण पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में देखा जाता था, न कि केवल आजीविका के साधन के रूप में।किन्तु वर्तमान समय में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।दिन व दिन इसका स्तर गिर रहा है। विशेष रूप से सोशल मीडिया के प्रसार ने पत्रकारिता को नई दिशा तो दी है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। आज हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा है, जिसके कारण सूचनाओं का आदान-प्रदान अत्यंत तीव्र गति से हो रहा है। यह लोकतांत्रिक दृष्टि से सकारात्मक है, लेकिन इसके दुरुपयोग की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं।आजकल कुछ लोग पत्रकारिता के नाम पर सोशल मीडिया का उपयोग नकारात्मक और दबाव बनाने वाले लेखन के लिए कर रहे हैं। वे बिना तथ्यों की पुष्टि किए सनसनीखेज खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिससे समाज में भ्रम और अविश्वास का वातावरण बनता है। कई बार ऐसे लोग शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास करते हैं, जो कि पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। पत्रकारिता का उद्देश्य भय पैदा करना या किसी को ब्लैकमेल करना नहीं, बल्कि सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा होना है।पहले यदि कोई खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हो जाती थी तो लोग उसे गजट के तौर पर मानते थे लेकिन वर्तमान समय में अखबार मे छपने बाली हर खबर को लोग सही नही मानते है।यह भी देखा जा रहा है कि कुछ लोग पत्रकारिता को धन उगाही का माध्यम बना रहे हैं। वे खबरों के नाम पर सौदेबाजी करते हैं और निजी लाभ के लिए अपनी लेखनी का दुरुपयोग करते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल पत्रकारिता की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि पूरे समाज में पत्रकारों की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती है। जब पत्रकारिता का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ बन जाता है, तब वह अपने मूल उद्देश्य से भटक जाती है और समाज के लिए हानिकारक सिद्ध होती है।वास्तव में, जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन आवश्यक है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन यदि पत्रकारिता केवल पैसे कमाने का साधन बन जाए, तो यह उसकी आत्मा की हत्या के समान है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और लोगों को सही दिशा दिखाना है। इसे व्यवसायिकता के साथ-साथ नैतिकता और जिम्मेदारी के संतुलन के साथ निभाना आवश्यक है।आज के युवा जो पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे इस पेशे की मूल भावना को समझें और उसका पालन करें। उन्हें चाहिए कि वे उन महान पत्रकारों के जीवन और कार्यों का अध्ययन करें, जिन्होंने अपने साहस, ईमानदारी और निष्पक्षता के बल पर इस क्षेत्र को सम्मानजनक स्थान दिलाया। ऐसे पत्रकारों ने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और सच्चाई के लिए हर कठिनाई का सामना किया।युवाओं को यह समझना होगा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखना नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी है। उन्हें अपने लेखन में तथ्यों की सत्यता, भाषा की मर्यादा और विचारों की संतुलित प्रस्तुति का ध्यान रखना चाहिए। सोशल मीडिया के इस युग में जहां सूचना का प्रसार तेजी से होता है, वहां जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाती है। एक गलत खबर या भ्रामक जानकारी समाज में गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती है।इसके अलावा, पत्रकारों को आत्ममंथन की आवश्यकता है। उन्हें यह विचार करना होगा कि वे अपने कार्य के माध्यम से समाज को क्या दे रहे हैं। क्या उनका लेखन समाज में जागरूकता और सकारात्मकता ला रहा है, या केवल विवाद और भ्रम पैदा कर रहा है? यदि पत्रकार अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहेंगे, तो निश्चित रूप से समाज में उनका सम्मान बना रहेगा।सरकार और मीडिया संस्थानों की भी जिम्मेदारी है कि वे पत्रकारिता के मानकों को बनाए रखें। पत्रकारों के प्रशिक्षण, नैतिक मूल्यों के विकास और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, समाज को भी जागरूक रहना होगा कि वह सही और गलत पत्रकारिता के बीच अंतर कर सके।अंततः, यह कहा जा सकता है कि पत्रकारिता एक शक्तिशाली माध्यम है, जो समाज और शासन दोनों को दिशा देने की क्षमता रखता है। यदि इसका उपयोग सकारात्मक और रचनात्मक रूप से किया जाए, तो यह समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकता है। लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया जाए, तो यह विश्वास और नैतिकता को कमजोर कर सकता है।इसलिए आज आवश्यकता है कि पत्रकारिता को उसके मूल स्वरूप में पुन: स्थापित किया जाए जहां सत्य, निष्पक्षता और समाजहित सर्वोपरि हों। पत्रकारों को अपनी लेखनी को एक जिम्मेदार हथियार के रूप में उपयोग करना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ के साधन के रूप में। तभी पत्रकारिता का गौरव और उसकी गरिमा अक्षुण्ण रह सकेगी और लोकतंत्र का यह महत्वपूर्ण स्तंभ सशक्त बना रहेगा।

मामला अवैध कोल्ड स्टोर अमोनिया रिसाव कांड

# कोल्ड स्टोर सील करने की कार्रवाई , डीएचओ ने कोल्ड खाली करने को कहा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** एट रोड पर ग्राम अंडा के पास स्थित ओम नम: शिवाय कोल्ड स्टोर में जहरीली अमोनिया गैस रिसाव से कर्मचारी के झुलसने के बाद अब इसको सील करने की प्रशासन ने तैयारी खर ली है। जिला उद्यान अधिकारी ने कोल्ड स्टोर संचालकों को कोल्ड स्टोर खाली करने के लिए कहा है। गुरुवार को कोल्ड स्टोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद वहां चल रहा निर्माण कार्य भी तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। इसके साथ ही किसानों का माल रखने का सिलसिला भी थम गया है।जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने ओम नम: शिवाय कोल्ड स्टोर के संचालकों से तत्काल कोल्ड स्टोर में भंडारित माल को वहां से हटाने के लिए कहा है। उद्यान विभाग का यह कदम कोल्ड स्टोर को सील करने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है। समझा जा रहा है कि कोल्ड स्टोर संचालन में बरती गई अनियमितताओं को लेकर प्रशासन उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के मूड में है तभी तो जिलाधिकारी के आदेश पर वृहस्पतिवार को जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने कोल्ड स्टोर के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही इस तरह के संकेत मिलने लगे थे कि कोल्ड स्टोर के खिलाफ सीलिंग की भी कार्रवाई हो सकती है।जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कोल्ड स्टोर खाली कराने के लिए कहा जाना कही न कही कोल्ड स्टोर सील करना माना जा रहा है। डीएचओ परवेज खान ने बताया है कि कोल्ड स्टोर संचालकों को तत्काल कोल्ड स्टोर खाली करने के लिए कह दिया गया है। अगर संचालक आनाकानी करते हैं तो विभाग अपने स्तर से अगली कार्रवाई करेगा। इधर, एफआईआर दर्ज होने के बाद कोल्ड स्टोर में चल रहे निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। किसानों द्वारा उसमें माल रखने का सिलसिला भी थम गया है। गौरतलब है कि 26 मई को अंडा गांव के पास स्थित ओम नम: शिवाय कोल्ड स्टोर में हुई अमोनिया गैस रिसाव की घटना में ऑपरेटर अनूप कुमार के बुरी तरह झुलसने के बाद इसके निर्माण से जुड़ी पोल पट्टी भी खुल कर सामने आ गई थी कि इस कोल्ड स्टोर के निर्माण में नियम-कानूनों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं हैं। निर्माण की अनुमति नहीं होने के बावजूद इतनी बड़ी बिल्डिंग न सिर्फ खड़ी हो गई बल्कि किसानों की उपज का भंडारण भी बड़े पैमाने पर शुरू हो गया है, जबकि इसके संचालन में भी सुरक्षा मानकों को पूरी तरह ताक पर रखा गया था।

# नारी शसक्तीकरण का गुंडे सड़क पर उड़ा रहे मजाक

## -मां-बेटी से घर से खींच कर मारपीट का आरोप, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । कालपी कोतवाली क्षेत्र के महेवा गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर चल रहे पुराने विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार पड़ोसी पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर मां और उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

पीड़िता कमलेशी पाल ने आरोप लगाया है कि दोपहर करीब 12:30 बजे विवाद के दौरान पड़ोसी सुजान सिंह उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी गई। शोर सुनकर जब उनकी 15 वर्षीय बेटी मां को बचाने आई, तब आरोप है कि आरोपी घर के भीतर घुस गया और उसके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि बाद में आरोपी पक्ष की अन्य महिलाएं भी मौके पर पहुंच गईं और मां-बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी पक्ष वहां से चला गया, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर उचित कार्रवाई न होने पर वह न्याय की मांग लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा सुरक्षा की गुहार लगाई। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और लोग निष्पक्ष जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्रतीक्षालय अनदेखी से हो गया खंडहर

## यात्री सुविधाओं का हाल है बेहाल

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** बसों के रुकने और राहगीरों के ठहरने के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य पूर्व में कराया गया होगा कि कोई भी राहगीर यदि वाहन की प्रतीक्षा कर रहा है तो वह इस छायादार प्रतीक्षालय में बैठकर वाहन की प्रतीक्षा कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकता है बताते चलें माधौगढ़ तहसील के बंगरा में ठीक चौकी से पहले जालौन मिहोना सड़क मार्ग पर एक प्रतीक्षालय बना हुआ जो कि काफी पुराना है जिसका तल सड़क मार्ग से काफी नीचा हो गया है तो वहीं उक्त प्रतीक्षालय के पास तमाम घास फूंस उग आया है घास फूंस तथा कचरा पड़े होने से उक्त प्रतीक्षालय विलुप्त सा साबित हो रहा है ग्रामीणों का कहना है कि उक्त प्रतीक्षालय की देखरेख साफ सफाई न होने की बजह यह गंदगी का शिकार हो गया है अगर प्रतीक्षालय के आस पास साफ सफाई तथा डेटिंग पेंटिंग करवा दी जाए तो लोगों को प्रतीक्षालय का लाभ मिल सकता है फिलहाल अभी शासन प्रशासन की नजर इस ओर नहीं है

# कोंच में खुलेआम ब्लैक में बेची जा रही है शराब

## ब्लैक में शराब बेचने का वीडियो वायरल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** जिला आबकारी विभाग की लाख कोशिशों के बावजूद शराब ठेकों के सेल्समेन खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हद तो जव हो गयी जव सेल्समेनों द्वारा निर्धारित समय के पहले व बाद में भी महंगे दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।लेकिन वायरल वीडियो की स्वदेश समाचार पत्र पुष्टि नही करता है।आबकारी विभाग के नियमों के तहत देशी और अंग्रेजी शराब व बियर की दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नियत है। उक्त समय निर्धारित होने के बाद सुबह 6 बजे से और रात्रि में भी 11-12 बजे तक शराब ठेकों के सेल्समेन ठेकों के अंदर मौजूद रहकर शटर के नीचे से शराब की बिक्री खुलेआम कर रहे हैं। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ठेके के अंदर मौजूद सेल्समेन बंद शटर के नीचे से शराब की बिक्री कर रहा है। शराब पीने के शौकीन लोगों ने बताया कि नगर के अधिकांश ठेकों पर निर्धारित समय से पहले और बाद में भी शराब आसानी से मिल जाती है लेकिन निर्धारित मूल्य से कुछ रुपए अधिक देने पड़ते हैं।लेकिन आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है।

# पशुओं से खेत चरवाने की शिकायत पर नहीं हो रही कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत असहना निवासी किसान रामकुमार पुत्र प्रेमनारायण ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र कोतवाली माधौगढ़ और मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई कराया कि हमारे खेत में मूंग की फसल बोई है मूंग पुरी तरह से फरने की ओर है उक्त मूंग के खेत में विपक्षी चेतराम पुत्र फूल सिंह प्रताप पुत्र सुदामा आए दिन अपने बकरियों को चराते है मना करने पर गाली गलौज हाथ पैर तोड़ने और मोटर साइकिल में आग लगाने की धमकी देते हैं वहीं महिलाओं को आगे करते हैं जिससे कि प्रार्थी भयभीत हैं उक्त ने गुहार लगाई है कि विपक्षी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है

# वेतन मांगने पर सचिव ने दी जाति सूचक गालियां

## पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम बसोब में केयर टेकर को पिछले 4 महीने से बेतन नहीं मिला है जब उसने सचिव से बेतन देने की बात कही तो सचिव ने लात मारते हुए जाति सूचक गालियां देकर उसे भगा दिया गया।मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोब निवासिनी सुमन पत्नी मेवालाल बाल्मीकि का है जो सामुदायिक शौचालय बसोब में केयर टेकर के रूप में कार्यरत है जिसे पिछले 4 माह से बेतन नहीं मिला है जब सुमन ने सचिव अनुज गुप्ता से बेतन देने की बात कही तो सचिव गुस्सा से आग बबूला हो गए उठा और गालियां देना शुरू कर दिया जिस पर सुमन ने सचिव के पैर छूकर प्रार्थना की तो सचिव अनुज ने लात मारते हुए जाति सूचक गालियां दी उक्त के सम्बन्ध में सुमन ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए सचिव अनुज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि प्रार्थनापत्र मिला है इसकी जांच कराई जाएगी।जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# नकली हिंदुओं से सावधान,गाय को माता का दर्जा मिले-अविमुक्तेश्वरानंद

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में 81 दिवसीय गविष्ठ यात्रा के दौरान पहुंचे ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ संरक्षण, सनातन धर्म और समसामयिक मुद्दों को लेकर कई महत्वपूर्ण बयान दिए। उन्होंने कहा कि गाय हिंदू समाज की पूजनीय है और उसे केवल एक पशु के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि माता की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गाय का विशेष महत्व है।इसके शरीर में 33 करोड देवी देवता बास करते है और उसकी पूजा की जाती है।शंकराचार्य ने उन बयानों पर भी प्रतिक्रिया दी जिनमें 14 वर्ष बाद गाय को काटने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहीं भी स्वीकार्य नहीं है और जो लोग इस प्रकार की बातें करते हैं, वे हिंदुत्व और सनातन परंपरा की मूल भावना से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को 'नकली हिंदू' बताते हुए जनता से असली और नकली हिंदुओं की पहचान करने की अपील की। उनका कहना था कि नकली हिंदू समाज को भीतर से कमजोर कर रहे हैं, इसलिए देश की जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है और ऐसे लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।अनिल वैद के संयोजत्व में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में नगर में आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पत्रकारो से वार्ता करते हुए कहा कि बूचड़खानों पर निरपराध गायों की हत्या होती रहे और संत समाज मौन बैठा रहे, यह संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी अन्याय और अनीति होगी, वहां संत समाज अपनी आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने कहा कि वे उन संतों में से नहीं हैं जो केवल नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाने या चंदा लेने तक सीमित रहते हैं।अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का उल्लेख करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि न्यायालय ने उन आरोपों को गलत माना है। उन्होंने कहा कि सत्य कभी डरता नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा गया था, जिसके लिए 24 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन उन्होंने 12 घंटे के भीतर ही सभी आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत कर दिए थे।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अनिल वैद, प्रतिपाल गुर्जर, शिवम यादव,रघुवीर कुशवाह, राघवेंद्र तिवारी, उज्जवल तिवारी,प्रधव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

शंकराचार्य के स्वागत कार्यक्रम में जहां आम जन मशगूल रहे वही जेव कतरे पूरी तरह से सक्रिय दिखे।जेव कतरो ने तकरीबन आधा दर्जन लोगो की जेव से पैसा पर कर अपना उल्लू सीधा किया।जेव कतरो को क्या लेना देना शंकराचार्य स्वागत सम्मान समारोह से उन्हे तो जेव से पैसा मारना है सो वे अपने मिशन में पूरी तरह से सफल हुए।

# खर्चा देने के बाद मिलेगा ओलावृष्टि का मुआवजा



( यंग भारत न्यूज )

- लेखपाल पर रुपया लेकर ओलावृष्टि का मुआवजा दिलाये जाने का आरोप
- ग्रामीणो ने एसडीएम से की शिकायत

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम तजपुरा के किसाने ने एसडीएम हेमंत पटेल को लेखपाल के खिलाफ एक शिकायती पत्र देकर बताया कि दिनांक 5 अप्रैल को आये आंधी तूफान व ओलावृष्टि से उनके द्वारा बोई हुई फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गयीं थी लेकिन लेखपाल द्वारा हम लोगों को लाभान्वित न करते हुए अगल बगल के किसानों के नाम लिष्ट मे दर्ज कर मुआवजा दिला दिया है किसानो ने कहा कि सुनने को मिला है कि जिन लोगों ने लेखपाल को सुविधा शुल्क के रूप में 2 हजार रुपये दिए है उन्ही के नाम लिष्ट मे भेजे गए हैं।किसानो का कहना है कि लेखपाल द्वारा जान बूझकर हम लोगो के साथ अन्याय किया गया है तजपुरा निवासियों ने फसलों के हुए नुकसान की सक्षम आधिकारी द्वारा जांच कराकर मुआवजा दिलाते हुए लेखपाल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है इस मौके पर लोकेंद्र सिंह, किशोर सिंह, चित्रा सिंह, अशोक कुमार, रामकुमार, राम नारायण, पूरन सिंह, सोबरन सिंह, भगवान सिंह, राम लोटन, मंगल सिंह, फूल सिंह, गोविंद सिंह, राम प्रकाश, कैलाश नारायण, प्रदीप, आदित्य प्रताप सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, राघवेंद्र, कैलाश नारायण, कमलेश कुमार, बाबूराम, माता प्रसाद, इंद्रपाल सिंह, रामशरण, सुल्तान सिंह, राम प्रकाश सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## क्या बोले एसडीएम साहब

इस संबंध में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल से फोन पर बात की तो उन्होने बताया कि इस तरह का प्रार्थनापत्र मेरे संज्ञान में नही है।यदि किसानो द्वारा कोई शिकायत की गयी है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

# कन्नौज में पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को गैंगस्टर एक्ट में 8 साल की सजा

( यंग भारत न्यूज )

**कन्नौज।** प्रदेश के कन्नौज जिले में पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव के मामले में गैंगस्टर कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। लंबे सुनवाई के बाद, अदालत ने नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए 8-8 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, दोनों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में आरोपी महिला पूजा तोमर को 6 वर्ष की सजा और 5 लाख रुपये का जुर्माना भी दिया गया है.





यह घटना 11 और 12 अगस्त 2025 की रात की है, जब नवाब सिंह यादव को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी बुआ के मोबाइल से घटना की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार किया. जांच के दौरान यह पता चला कि पीड़िता को उसकी बुआ ने विद्यालय में लाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। नवाब सिंह यादव गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं और मामले की सुनवाई जारी थी. जांच के दौरान, पुलिस ने नीलू यादव की भूमिका को भी संदिग्ध पाया। उन पर आरोप था कि उन्होंने आपराधिक गतिविधियों में सहयोग किया और मामले से जुड़े तथ्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके बाद उनके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. इसी तरह, महिला आरोपी पूजा तोमर पर आरोप था कि उसने साक्ष्यों को छिपाने और पुलिस जांच को गुमराह करने की कोशिश की। इसके चलते उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया.

# महिला एक, आशिक 2... प्रेमियों में छिड़ गई भयानक जंग, लव ट्रायंगल से फैली सनसनी

( यंग भारत न्यूज )

बिहार के शिवहर जिले में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई. एक महिला और दो आशिक... फिर प्यार, जलन और रंजिश का ऐसा खेल शुरू हुआ कि एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी. लव ट्रायंगल से उपजे विवाद ने खूनी रूप ले लिया और एक युवक ने अपने प्रतिद्वंद्वी को रास्ते से हटाने के लिए चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया.



पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. मामला शिवहर जिले के श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का है. बीते 28 मई को गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई थी, जब एक युवक का शव खून से लथपथ हालत में मिला. मृतक की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई थी. घटना के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की. जिसमें सामने आया कि विशाल कुमार और प्रिंस कुमार के बीच एक महिला को लेकर लंबे समय से प्रेम प्रसंग और वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी. विशाल और प्रिंस के बीच इसे लेकर कई बार विवाद भी हो चुका था. पुलिस के अनुसार, घटना वाले दिन आरोपी प्रिंस कुमार नशे की हालत में था. इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई. गुस्से में आकर प्रिंस कुमार ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर विशाल कुमार की बेरहमी से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी. आखिरकार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

# जीजा ने फोड़ा साले का सिर, गुस्साई साली ने भी प्राइवेट पार्ट में मारा चाकू; ससुराल खूनी मैदान में क्यों हुआ तबदील?

( यंग भारत न्यूज )

**कुशीनगर।** प्रदेश के कुशीनगर के पथरवा इलाके में स्थित फाजिलनगर कस्बे में, देवरिया की सिंधी मिल कॉलोनी के रहने वाले 40 वर्षीय मिट्ठू राव अपनी पत्नी सोनल सिंह और बच्चों से मिलने के लिए फाजिलनगर में अपनी साली के घर वहां रहते हुए, पति-पत्नी के बीच कहा-सुनी हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई. बहस के दौरान, मिट्ठू राव ने अपने साले देवेंद्र सिंह के सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी. इसके जवाब में, उनकी साली ने गुस्से में आकर अपने जीजा मिट्ठू पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू मिट्ठू की पीठ के निचले हिस्से और जांघ में लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल मिट्ठू सिंह किसी तरह अपने रिश्तेदारों को सूचना देने में कामयाब रहे, जो बाद में उन्हें देवरिया ले गए. सोमवार को उन्हें एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके घावों पर छह टांके लगाए. घायल मिट्ठू सिंह की पत्नी, सोनल सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पति को शराब की लत है. उन्होंने बताया कि दो महीने पहले, उन्होंने राजवतिया में अपने मायके में हंगामा किया था, जिसके बाद उन्हें गोरखपुर के एक नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था. सोनल फिलहाल अपने दो बेटों, कान्हा और आदेश के साथ फाजिलनगर में अपनी बहन के घर रह रही हैं, जहां वह उनकी पढ़ाई-लिखाई की देखरेख कर रही हैं. सोनल के अनुसार, रविवार को फाजिलनगर पहुंचने के कुछ ही समय बाद, मिट्ठू ने घर में रखा एक गैस सिलेंडर और कुछ अनाज बेच दिया, जिससे यह विवाद शुरू हुआ. पति-पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़ा एक मामला पहले से ही फैमिली कोर्ट में लंबित है. इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं; हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है. दोनों घायल व्यक्तियों का फिलहाल इलाज चल रहा है.




# ससुर ने रेप किया, पुलिस कह रही सबूत लाओ,' आपबीती सुनाते रो पड़ी महिला दरोगा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला दरोगा ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। महिला का कहना है कि ससुराल में उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। वह प्रयागराज में दरोगा के पद पर तैनात है। पिछले चार दिनों से थाने के चक्कर लगा रही, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जब पुलिस से बताया कि ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है तो पुलिस ने सबूत मांग लिया। पीड़ित महिला दरोगा ने चौकी प्रभारी पर डीलिंग करने और धमकाने का आरोप लगाया।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले साल 14 फरवरी को महिला का अंतरजातीय विवाह हुआ था। अलग जाति होने के कारण उसे ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा है। यहां तक कि जातिसूचक शब्द भी कहे जाते हैं। महिला ने ससुराल पक्ष पर डराने-धमकाने और बंदूक के बल पर ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। महिला ने बताया कि जब घटना के बारे में पति को बताया तो उन्होंने चुप रहने का दबाव बनाया। इसी साल जनवरी में इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर चूहे मारने वाला जहर खिला दिया। किसी तरह पिता को फोन पर मामले की जानकारी दी। महिला दरोगा ने आरोप लगाया कि पिता जब समझौते की बात करने पहुंचे तो उनके साथ भी मार पिटाई की गई। महिला दरोगा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें महिला दरोगा ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। हालांकि काकोरी के एसीपी शकील अहमद का कहना है कि महिला की शिकायत मिली है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। महिला दरोगा ने बताया कि वह प्रयागराज में तैनात है। रोते-बिलखते हुए उन्होंने आरोप लगाया, 'पूरा थाना बिक चुका है। मेरा मुकदमा नहीं लिखा जा रहा है। मैंने खुद चौकी इंचार्ज मुन्नालाल यादव को हंसखेड़ा पुलिस चौकी में डीलिंग करते देखा है।' घटना के बारे में पूछने पर महिला दरोगा ने बताया कि उसके ससुर ने दुष्कर्म किया। पुलिस कह रही है कि सबूत लाकर दो? मैं क्या सबूत लाकर दूं? मैं चार दिन से थाने आ रही हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुझे यहां एक कमरे में बंद करके धमकाया जा रहा था कि तुम्हारी नौकरी खा जाएंगे।

# दलालों को 20 हजार देकर 10 मिनट में पार किया बॉर्डर', घुसपैठियों ने बताया कैसे बांग्लादेश से भारत में घुसे

( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना शुरू कर दिया है। इसके चलते, हजारों बांग्लादेशी नागरिक अब सीमावर्ती इलाकों में जमा होने लगे हैं।


डिटेंशन सेंटरों में बंद किए जाने के डर से अवैध बांग्लादेशी प्रवासी इस समय पूरे पश्चिम बंगाल में सीमावर्ती क्षेत्रों और ट्रांजिट टर्मिनलों पर इकट्ठा हो रहे हैं। जैसे-जैसे बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक सीमा पर जमा हो रहे हैं, ये प्रवासी अब इस बारे में खुलकर बात करने लगे हैं कि वे अवैध रूप से भारत में कैसे घुसे और उन्होंने पहचान पत्र कैसे हासिल किए। सीमा पर पहुंचने वाले बांग्लादेशी नागरिकों ने बताया कि वे नदी पार करके भारत में घुसे, जबकि दूसरों ने बताया कि कैसे दलालों या बिचौलियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उन्हें सीमा पार कराने में मदद की। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक व्यक्ति ने खुलासा किया कि जब सुरक्षा बल इलाके में गश्त नहीं कर रहे होते हैं, तो सिर्फ दस मिनट में भारत में घुसना संभव है। इसके अलावा, कुछ लोगों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के एक नेटवर्क ने उन्हें पहचान पत्र बनवाने में मदद की। उन्होंने बताया कि वे भारत सरकार



की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा पाए और यहां तक कि वोट भी डाल पाए। जैसे-जैसे सरकार इन प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर रही है, चौंकाने वाले खुलासे सामने आते जा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्टों से पता चलता है कि कई लोग डिटेंशन सेंटरों या देश से निकाले जाने की कार्रवाई से बचने के लिए स्वेच्छा से बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे हैं। चौंकाने वाले खुलासे सामने आए। एक अवैध बांग्लादेशी प्रवासी ने स्थानीय यूट्यूब चैनल हल्दिया लाइव को बताया कि वह अपने भाइयों के साथ बिचौलियों के नेटवर्क के माध्यम से कुश्तिया से भारत में दाखिल हुआ था। उन्होंने कहा, 'मैंने केरल में काम किया है। अब तो वे किराये पर कमरा देने के लिए भी वोटर कार्ड और आधार कार्ड मांग रहे हैं और मेरे पास वो दस्तावेज नहीं हैं।' इसके बाद उन्होंने सीमा पार करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'उनके पास पांच से छह लोगों की टीमें होती हैं। रात में, वे जांच करते हैं कि किन इलाकों में बीएसएफ की मौजूदगी है और किनमें नहीं। जैसे ही उन्हें कोई खाली जगह मिलती है, वे लोगों को उस पार भेज देते हैं। यही उनकी व्यवस्था है।' उसने बताया, 'कभी-कभी आपको सीमा पार करने का मौका पाने के लिए पूरी रात इंतजार करना पड़ता है। कभी-कभी यह 10 मिनट के भीतर ही हो जाता है। पश्चिम बंगाल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार की 'पहचानो, हटाओ और वापस भेजो' की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसका असर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों में साफ दिखाई दे रहा है। उत्तर 24 परगना और मालदा से जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें साफ दिख रहा है कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों में डर है।

# अरे जूस है पी लो.महिला होमगार्ड को धोखे से पिलाई शराब, फिर नशा चढ़ते ही 4 लोगों ने किया गैंगरेप

( यंग भारत न्यूज )



**बेंगलुरू।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के मदलूर गांवमें 39 साल की महिला होम गार्ड के साथ हुई यह वारदात यही कड़वी सच्चाई सामने लाती है, जहां एक परिचित ने महिला को धोखे से शराब पिलाकर तीन अन्य लोगों के साथ उसका गैंगरेप किया

महिला कुश्तगी शहर अपने परिचितों से मिलने आई थी. वहीं से लक्ष्मण केंचप्पा करगुली उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक सुनसान घर तक ले गया. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीड़िता और लक्ष्मण केंचप्पा करगुली एक-दूसरे को जानते थे. महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी करगुली ने उसे जूस के नाम पर धोखे से शराब पिलाई और फिर चारों लक्ष्मण केंचप्पा करगुली, बसवराज साकरप्पा, भीमप्पा मास्की और शशिकुमार मास्कीने ने उसका रेप किया. पीड़िता ने किसी तरह पुलिस के इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम को फोन किया. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसे गंभीर हालत में येलबुर्गा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया. हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे कोप्पल के चद्धस्स अस्पताल रेफर कर दिया. महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है. अस्पताल में अपनी पत्नी से मिलने पहुंचे पति का दर्द साफ झलक रहा था. पति ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि उनकी पत्नी एक दुर्घटना का शिकार हुई है. पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

# नमाज के बाद सीएम-पीएम पर की थी अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार होते ही कहा-मुझसे गलती हो गई, सरकार में हो रहे अच्छे कार्य

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** ईदगाह पर गुरुवार को बकरीद की नमाज के बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की गई। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद रेलवे रोड थाने में आरोपित अहसान और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपित अहसान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाने में पहुंचते ही आरोपित अहसान ने कहा, मुझसे गलती हो गई है, इसकी माफी चाहता हूं। साथ ही अहसान ने थाने में देश के सम्मानित पदों पर बैठे पदाधिकारियों के कार्य की सराहना भी की। बोला, सरकार में अच्छे कार्य हो रहे हैं। ईदगाह पर नमाज के समय बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। उसके बावजूद भी नमाज अदा करने के बाद देहलीगेट निवासी अहसान ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है। उसने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। सीओ नवीना शुक्ला ने बताया कि आरोपित अहसान ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है। साथ ही देश के सम्मानित पदों में बैठे पदाधिकारियों को अशोभनीय टिप्पणी की है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस साजिश में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# 'गैर मर्द संग बिस्तर पर...', पति ने जाहिर किया पत्नी की बेवफाई का दर्द, तो पुलिस ने गुंजन की निकाली हेकड़ी! कहा- बुखार छुड़ा देंगे

( यंग भारत न्यूज )

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर के पति-पत्नी की कहानी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को पढ़ाने और नौकरी दिलाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की। फटे कपड़े पहने, 24-24 घंटे तक फोटोग्राफी की, सिर्फ इस उम्मीद में की पत्नी को अच्छे से पढ़ा-लिखाकर अपने पैरों पर खड़ा करा सके ताकि घर की जिम्मेदारी में वो भी हाथ बंटाए।



पत्नी के ऐशोआराम और फैशन में किसी तरह की कमी नहीं रख छोड़ी। इसके बावजूद आरोप है कि पत्नी ने बेवफाई की और बीपीएससी टीचर बनते ही पति को छोड़ दिया। बीपीएससी टीचर गुंजन ने नौकरी लगते ही अपने पति अमन के भरोसे का कत्ल कर दिया। पति का आरोप है कि उन्होंने पत्नी को गैर-मर्द के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। पत्नी की काली करतूत देखकर पति टूटकर बिखर गया! अब अमन कुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अपनी पीड़ा जाहिर की। अमन कुमार ने कहा, '2013 में शादी के समय मेरी पत्नी गुंजन कुमारी इंटर पास थी। मैंने उसके शौक के मुताबिक, उसकी आगे की पढ़ाई को जारी रखा। हाजीपुर और पटना में कोचिंग भी कराई।' उन्होंने आगे कहा, 'सिर्फ फोटोग्राफी करके पत्नी के लिए इतना सबकुछ करना आसान नहीं है। लेकिन मुझसे जितना बन पड़ा, मैंने दिन-रात मेहनत करके वो सब किया। पत्नी की पढ़ाई-लिखाई के लिए मुझे अपने हिस्से की पैतृक जमीन तक बेचनी पड़ी।' पीड़ित पति ने बताया, 'गुंजन हाजीपुर के लिच्छवि नगर स्थित किराए के मकान में रहती थी। इधर-उधर से छानबीन के बाद मुझे पता चला कि वो वहां किसी लड़के के साथ रहती है। 23 मई की शाम साढ़े 4 बजे मुझे जानकारी मिली की लड़के की गाड़ी गुंजन के किराए के घर के पास है। इसके बाद मैं मौके पर पहुंचा, गाड़ी की वीडियो बनाई और दरवाजा खुलवाया। इसके बाद मैंने देखा कि पति-पत्नी जिस हालत में रहते हैं, मैंने उन दोनों को उस हालत में पाया। इसके बाद मैंने तुरंत दरवाजा बंद कर दिया।' अमन कुमार के मुताबिक, इसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पुलिस को बुलाया। इस दौरान तुरंत मकान मालिक पहुंच गए और उन्होंने मेरा फोन छीन लिया। इतना ही नहीं, उन्होंने मारने तक की धमकी दे डाली। उन्होंने आगे बताया कि पत्नी गुंजन भी पुलिस के सामने उनसे बेहूदगी से पेश आई और बहुत बुरा भला कहा। उन्होंने बताया कि 2024 में मेरी पत्नी की टीचर की नौकरी लगी। मेरी पत्नी का संबंध एक शिक्षक के साथ है जो उसका स्कूल का दोस्त है। अब उसका कहना है कि उसे मेरे साथ नहीं रहना। कोर्ट में हमारा केस एक साल से चल रहा है। हमारा एक 10 साल का बच्चा है, उसने उसे भी ठुकरा दिया।

# झाँसी की मिट्टी से निकलकर एशिया कप में भारत की कप्तानी तक: केतन कुशवाहा का विशेष साक्षात्कार

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक झाँसी शहर के रहने वाले प्रतिभावान फॉरवर्ड केतन कुशवाहा को आगामी पुरुष अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम की कमान सौंपी गई है। यह प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून 2026 तक जापान के काकामिगाहारा शहर (कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज हॉकी स्टेडियम) में आयोजित होने जा रहा है। साई (ஃ) भोपाल में लगे एक महीने के कड़े ट्रेनिंग कैंप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली कड़ी चुनौती के बाद भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। जापान रवानगी से ठीक पहले, कप्तान केतन कुशवाहा ने सुप्रसिद्ध खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से अपनी तैयारियों, रणनीतियों और अपने गृह नगर झाँसी से जुड़े विशेष अनुभवों को साझा किया।

बृजेंद्र यादव: केतन, सबसे पहले आपको अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का कप्तान चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई। टीम की रवानगी से ठीक पहले खिलाड़ियों का मूड और माहौल कैसा है?

केतन कुशवाहा: बहुत-बहुत धन्यवाद, बृजेंद्र जी। टीम का माहौल बहुत शानदार है और सभी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास साफ झलकता है। एशिया कप जैसे बड़े मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना हम सभी के लिए बेहद सम्मान और जिम्मेदारी की बात है। हर खिलाड़ी मैदान पर उतरने के लिए बेहद उत्साहित है।

बृजेंद्र यादव: केतन, आप उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर झाँसी से आते हैं, जो अपनी वीरता के लिए जाना जाता है। झाँसी की धरती से उठकर सीधे भारतीय टीम की कप्तानी तक का यह सफर आपके लिए कितना खास है?

केतन कुशवाहा: यह मेरे और मेरे पूरे परिवार के लिए एक बेहद भावुक और गर्व का पल है। झाँसी की मिट्टी में ही मैंने हॉकी की शुरुआत की थी, और झाँसी के लोगों ने मुझे हमेशा बहुत प्यार और प्रोत्साहन दिया है। जब आप ऐसे ऐतिहासिक शहर से आते हैं, तो जुझारूपन आपके स्वभाव में अपने आप आ जाता है। कप्तानी की यह जिम्मेदारी मेरे लिए सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि अपने गृह नगर झाँसी और पूरे देश का गौरव वैश्विक मंच पर बढ़ाने का एक सुनहरा मौका है।

बृजेंद्र यादव: इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम ने किस तरह की तैयारियां की हैं? भोपाल में लगा ट्रेनिंग कैंप कितना मददगार साबित हुआ?

केतन कुशवाहा: भोपाल कैंप हमारे लिए टर्निंग पॉइंट रहा है। वहां हमने बहुत कड़ी मेहनत की है। हमारे चीफ कोच (पूर्व दिग्गज) सरदार सिंह सर और रजनीश मिश्रा सर के मार्गदर्शन में हमने अपनी फिटनेस, पेनल्टी कॉर्नर और डिफेंसिव स्ट्रक्चर पर खास काम किया है। इस कैंप की सबसे अच्छी बात यह रही कि इसने हम सभी को मैदान के अंदर और बाहर एक मजबूत यूनिट में बदल दिया है।

बृजेंद्र यादव: एशिया कप से ठीक पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने का मौका मिला। उस अनुभव को आप कैसे देखते हैं?

केतन कुशवाहा: ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत और आक्रामक टीम के खिलाफ खेलने से हमें अपनी कमजोरियों और ताकतों को करीब से जानने का मौका मिला। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव को कैसे संभालना है, यह हमने उस दौरे से सीखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिले अनुभवों ने हमारे खेल को बहुत निखारा है और हमारे संयोजन को बेहतर किया है।

बृजेंद्र यादव: जापान में 29 मई से यह महामुकाबला शुरू हो रहा है। एशिया की कई बेहतरीन युवा टीमें वहां होंगी। आपकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्या होगी?

केतन कुशवाहा: एशिया कप में कोई भी टीम कमजोर नहीं होती, हर मैच महत्वपूर्ण है। हमारा पहला ही मैच 29 मई को कजाकिस्तान के खिलाफ है। लेकिन हमारी टीम अब एशिया की सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों के सामने खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारा एकमात्र लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ एशिया कप की ट्रॉफी जीतकर भारत लौटना है। हम किसी विरोधी को कम नहीं आंक रहे हैं, बल्कि अपनी योजनाओं को मैदान पर सही तरीके से लागू करने पर ध्यान दे रहे हैं।

बृजेंद्र यादव: कप्तान के तौर पर टीम और देश के फैंस के लिए आपका क्या संदेश है?

केतन कुशवाहा: कप्तान के तौर पर मेरा काम टीम को एकजुट रखना और हर खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ बाहर लाना है। देश के फैंस से बस यही कहूंगा कि आप अपना समर्थन और दुआएं हमारे साथ रखें। हम मैदान पर अपना 100% देंगे और देश का नाम रोशन करने की पूरी कोशिश करेंगे।

बृजेंद्र यादव: शुभकामनाएँ केतन! उम्मीद है कि झाँसी का यह शेर जापान में तिरंगा लहराकर ही लौटेगा।केतन कुशवाहा: बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिंद!

# मात पिता की सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य एवं धर्म कार्य नहीं है- महंत वैदेही वल्लभ शरण



( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय ( झाँसी )**बावन जी मंदिर अयोध्या के महंत परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 महंत वेदेही वल्लभ शरण महाराज ने समाज सेवी एवं विभिन्न संस्थानों से जुड़े सतीश चंद्र चौरसिया एड0 के निवास पर पहुँच कर उनकी माता जी स्वर्गीय सरस्वती देवी जी के चित्र पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके उन्होंने कहा माता पिता के सतकर्म एवं उनके परम आशीर्वाद से ही हम सभी आगे बढ़ते हैं।हम सभी को उनके वताये हुए सत्य मार्ग पर चलना चाहिये, तभी हम सबका कल्याण संभव होगा।उन्होंने कहा कि माता पिता एवं गुरु से बढ़कर इस दुनिया में कुछ भी नहीं है।जो भी व्यक्ति माता पिता की सेवा करता है वहीं भाग्यवान होता है इसलिए हम सभी को उनके रहते हुए सेवा करना चाहिए। इस मौके पर नर्मदा शर्मा ,मोनी बावा , योगेश त्रिपाठी, रामनारायण पस्तोर, अबधेश सिंह फौजी ,जय प्रकाश वरसईया , सत्यम चौरसिया,चरण सिंह ,अशोक मिश्रा, साहब सिंह ,संतोष, देवेंद्र, महेंद्र सिंह ,अखिलेश पार्षद ,ऋषब वशिष्ठ पार्षद , दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।

# बारिश और ओलावृष्टि से मूंग की फसल बर्बाद, गरौठा विधायक ने नुकसान का लिया जायजा

## अधिकारियों से बात कर फ्लैट तो प्लॉट सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई कराने को कहा

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।**. अचानक बारिश पर ओलावृष्टि के कारण क्षेत्र के कई गांव में फसल को भारी नुकसान पहुंचा है. गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने फसलों को हुए नुकसान पर प्रभावित ग्रामों का दौरा किया. खेतों में जाकर बर्बाद हुई फसलों को देखा और किसानों से भी वार्ता की. बारिश और ओलावृष्टि से मूंग की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. फसल नुकसान पर ने जिला प्रशासन को नुकसान की जानकारी देते हुए सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है.

गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान पर एवनी, पुछी, मारकुआं, इमलौटा, लिधौरा, सौनकपुरा, केदारताई, चतुरताई आदि ग्रामों में पहुंच कर फसल नुकसान को देखा. किसानों को हुए नुकसान पर गरौठा विधायक ने बताया कि क्षेत्र के कई ग्रामों में बे मौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसने की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है. मूंग की फसल खेतों में बिखर कर बिछ गई है. इस पर उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात की और प्लाट तो प्लॉट सर्वे करते हुए मुआवजा धनराशि दिलाए जाने की प्रक्रिया शुरू करने कहा है.

## यूपी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की अनूठी पहल, पहली बार बॉडी वॉर्न कैमरों और AI आधारित ICCC से होगी लाइव मॉनिटरिंग

## कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने दी जानकारी: 31 मई को 72 जनपदों के 1011 केंद्रों पर परीक्षा, 4.45 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

( यंग भारत न्यूज )




**झाँसी।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय 'संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा- 2026' को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा और पारदर्शिता के ऐतिहासिक इंतजाम किए हैं। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 31 मई 2026 को होने वाली इस परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए इस वर्ष देश की सबसे आधुनिक तकनीकी व्यवस्था लागू की जा रही है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुल 167 से 170 विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों की तैनाती विभिन्न जनपदों में की गई है।

दो पालियों में परीक्षा, 4.45 लाख अभ्यर्थी

यह राज्य स्तरीय परीक्षा 31 मई 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रात: 9:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के 72 जनपदों में बनाए गए 1011 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4,44,958 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे

पहली बार 'बॉडी वॉर्न कैमरे' और ஃ तकनीक से लैस हाईटेक सुरक्षा

कुलपति ने बताया कि परीक्षा के इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि शिक्षकों को भौतिक सत्यापन से लेकर गोपनीय सामग्री की निगरानी हेतु अत्याधुनिक बॉडी वॉर्न कैमरे (Body Worn Cameras) उपलब्ध कराए गए हैं। यह हाईटेक निगरानी व्यवस्था परीक्षा के दिन (31 मई) प्रात: 4:00 बजे से ही सक्रिय हो जाएगी। प्रतिनिधियों के प्रस्थान, परीक्षा सामग्री की प्राप्ति, ट्रेजरी तक पहुंचने, प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित केंद्रों तक पहुंचाने तथा परीक्षा समाप्ति के बाद सामग्री को वापस विश्वविद्यालय नियंत्रण कक्ष तक लाने की पूरी प्रक्रिया (गोपनीय सामग्री के आंतरिक हिस्सों को छोड़कर) की लाइव निगरानी होगी। विश्वविद्यालय परिसर में एक हाईटेक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) स्थापित किया गया है, जो आधुनिक सर्विलांस सिस्टम से लैस है। प्रदेश के सभी 1011 परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्षों और प्रवेश/निकास द्वारों पर AI Enabled (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त) सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग इस कंट्रोल रूम से की जाएगी।

तकनीकी नवाचार और मुख्य विशेषताएँ

लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग और ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग: केंद्रों की हर गतिविधि की रियल-टाइम निगरानी होगी। किसी भी विवाद, अव्यवस्था या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में यह रिकॉर्डिंग डिजिटल साक्ष्य के रूप में प्रशासनिक या न्यायिक प्रक्रिया में काम आएगी। GPS आधारित लोकेशन ट्रैकिंग: परीक्षा सामग्री ले जा रहे वाहनों और प्रतिनिधियों की जीपीएस से ट्रैकिंग होगी। यदि कोई वाहन निर्धारित मार्ग से भटकता है, तो ICCC तत्काल अलर्ट जारी करेगा।

टू-वे कम्युनिकेशन एवं ஸ்ஸ அलार्म कैमरों में उपलब्ध टू-वे सिस्टम से प्रतिनिधि सीधे कंट्रोल रूम से बात कर सकेंगे। किसी भी आपात स्थिति या सुरक्षा व्यवस्था बिगड़ने पर ஸ்ஸ (इमर्जेंसी अलार्म) के जरिए तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का दृढ़ विश्वास है कि इस तकनीकी क्रांति से परीक्षा संचालन में मानवीय त्रुटियों की संभावना खत्म होगी और जवाबदेही तय होगी। इस ऐतिहासिक पहल के साथ यूपी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 देश की सबसे सुरक्षित और तकनीकी रूप से उन्नत परीक्षाओं में शामिल होने जा रही है।

# बाँदा पहुंचे शंकराचार्य

( यंग भारत न्यूज )



अवमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का बयान,

चुनाव 2027 में जरूरत पड़ी तो चतुरंगी सेना लड़ेगी चुनाव

गाय को माता का दर्जा देने के लिए मुसलमानो का भी समर्थन

उनके अभियान गविष्ठ को मिल रहा जनसमर्थन, सपा के समर्थन मिलने पर कहा जिसकी मर्जी कर सकता है समर्थन, धर्म के कार्य में सबका स्वागत

कहा योगी जी से थी उम्मीद पर योगी सरकार हुयी फेल, बुलडोजर के नाम पर केवल डराया धमकाया जा रहा है

महंगाई पर बोले शंकराचार्य, कहा कुछ लोग दो हजार लीटर पेट्रोल भराने को तैयार हैं ऐसे में क्या कहा जाए

# रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट प्रकरण में विशेष भार्गव की अग्रिम जमानत खारिज

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट से जुड़े आरोपी विशेष भार्गव को अग्रिम जमानत देने से न्यायालय सत्र न्यायाधीश कमलेश कच्छल की अदालत ने इनकार करते हुए उसका जमानती प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सात मई को थाना सीपरी बाजार पुलिस ने रॉयल सिटी के एल एस 9 में छापा मारकर ऑन लाइन क्रिकेट सट्टे से जुड़ा सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक करोड़ से अधिक का सोना बरामद करते हुए दो युवतियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में भाजपा नेता आशीष उपाध्याय, बर्खास्त सिपाही रजत सिंह सहित कई सटोरियों के नाम के साथ विशेष भार्गव का नाम प्रकाश में आया था। तभी से विशेष भार्गव पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा है। आज आरोपी विशेष भार्गव पुत्र भगवती प्रसाद निवासी नई बस्ती की ओर से न्यायालय में अंतरिम जमानत याचिका प्रस्तुत की गई। जिसकी सुनवाई पर न्यायालय ने दोनों पक्ष को सुना, इधर अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्राइम ने न्यायालय से अपील में कहा कि यह एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ करने के लिए किया गया गंभीर अपराध है।

# मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना में 285 कृषकों को मिले उपहार, खिले चेहरे

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद झाँसी में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत 285 किसानों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नवीन गल्ला मण्डी परिसर तालपुरा झांसी में आयोजित किया गया, जहाँ सांसद झांसी ललितपुर अनुराग शर्मा ने लाभार्थी किसानों को पुरस्कार वितरित किए।

सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाने के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे प्रोत्साहन से किसानों का उत्साह बढ़ता है और वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। सांसद झांसी ललितपुर, अनुराग शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करना है। योजना के तहत दिए गए इनामों से किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964 की धारा-19 के अन्तर्गत मण्डी समिति की निधि एवं उसका उपयोग की व्यवस्था तथा अधिनियम की धारा-26 एम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नियत की जाने वाली योजनाओं के प्राविधानान्तर्गत वर्तमान में मण्डी आवक किसान उपहार योजना संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत कृषक उत्पादकों की सहभागिता बढ़ाये जाने के लिए नवीन मण्डी स्थलों में कृषि उपज का विकय करने की दशा में प्रवेश पर्ची एवं प्रपत्र संख्या-6 के आधार पर कृषकों को रू 05 हजार मूल्य पर ईनामी कूपन निर्गत कर मासिक, त्रैमासिक एवं छ:माही ड्रा द्वारा उपहार दिये जाने की व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि नवीन मण्डी स्थलों तक ही इस योजना को लागू किये जाने में यह देखा गया है कि जिन कृषकों द्वारा नवीन मण्डी स्थल के बाहर मण्डी क्षेत्र में व्यापारियों अथवा सरकारी क्रय केन्द्रों पर कृषि उत्पाद विक्रय करते है। ऐसे बड़ी संख्या में कृषक योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं इसलिए अधिकाधिक कृषकों को योजनान्तर्गत जोड़े जाने के उद्देश्य से मण्डी आवक कृषक उपहार योजना का क्षेत्र सम्पूर्ण मण्डी क्षेत्र में निर्दिष्ट कृषि उत्पाद बिकी करने वाले कृषकों को सम्मिलित किया जाना औचित्यपूर्ण है। कृषकों को उपहार देने वाली योजना के अन्तर्गत मासिक ड्रा की व्यवस्था को समाप्त करते हुए त्रैमासिक व छ:माही ड्रा की व्यवस्था को बनाये रखते हुए वर्तमान में प्रभावी योजना के स्थान पर मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना को लागू किया। कार्यक्रम विषयक जानकारी देते हुए सचिव मंडी बबलू कुमार ने बताया कि आज मण्डी परिषद उ0प्र0 द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत दिनाँक 16 मार्च 2023 एवं 25 नवम्बर 2025 में कराये गये लकी ड्रा में चयनित किसान भाइयों को सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा, विधायक गरौठा जवाहरलाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल के कर-कमलों से सम्बन्धित किसान भाइयों को उपहार वितरण किये गये। मुख्यमंत्री कृषक उपहार क्या है और हमारे किसान भाई इसका कैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं- इस योजना के अन्तर्गत मै सभी किसान भाइयों को ये बताना चाहता हूँ कि जो भी किसान भाई अपनी फसलों को मण्डी में या मण्डी समिति के व्यापारी को बिक्री करते है और क्रेता व्यापारी से 6 आर (विक्रेता बाऊचर) प्राप्त करता है। उन किसानों को मण्डी समिति स्तर से प्रति 05 हजार रुपए की बिक्री करने पर एक कूपन निर्गत होता है। मान लीजिए कोई किसान अपनी फसल 01 लाख रुपए की मण्डी के व्यापारियों या सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिकी करता है तो उसकों 20 कूपन मण्डी समिति से जारी होते है और उन कूपनों का त्रैमासिक एवं छ:माही लकी ड्रा मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कराया जाता है और लकी ड्रा में चयनित किसान भाइयों को मण्डी परिषद द्वारा नि: शुल्क उपहार वितरित किए जाते हैं। आज 285 कृषकों को उपहार स्वरूप - 35 हॉर्स पावर का ट्रेक्टर, पावर टिलर, पावर हार्वेस्टर/रीपर, सोलर पावर पैक संयत्र, टी0वी0 43 इंच, पावर स्प्रेयर, मिक्सर ग्राइण्डर आदि उपकरण उपहार में दिये गये हैं। कार्यक्रम में उपहार प्राप्त करने वाले कृषकों ने कहा कि सरकार की योजनाओं से किसानों को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है और उनकी मेहनत का सही फल मिल रहा है। उन्होंने मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी, उपनिदेशक मंडी संजय कुमार सिंह प्रशासन विपणन मंडी परिषद झांसी संभाग सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में कृषक और परिजन उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718